**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में आरा जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य से प्राप्त निविदा के वित्तीय बीड पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

<u>उपस्थिति:-</u>

(i) **श्री कुमार रवि,** - **अध्यक्ष**
सचिव,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(ii) **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,** - **सदस्य**
अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iii) **श्री मनोज कुमार सिंह,** - **सदस्य**
मुख्य अभियंता (दक्षिण),
भवन निर्माण विभाग, पटना।

(iv) **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** - **सदस्य**
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भवन निर्माण विभाग, पटना।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - | आरा जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग का | - | ₹16,62,10,000/- (सचिव, ग्रामीण विकास विभाग का ज्ञापांक-3556556 दिनांक-10.01.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - | ₹10,85,25,600/- (मु0अभि0(नि0) का पत्रांक-976(नि0) अनु0 दिनांक-11.07.2025) |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹ 10,79,95,056/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - | ₹ 13,02,01,145/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - | पी0आर0संख्या-003551(भ0) 25-26 दैनिक जागरण समाचार पत्र में दिनांक-18.05.2025 में प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - | 14.05.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - | 25.07.2025 / 01.08.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - | 11.08.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - | 12.08.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - | (1) मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज, गोला घाट, बक्सर।<br>(2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा।<br>(3) कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद। |

12 <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-</u>
<u>प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाही:-</u>

दिनांक-15.09.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज, गोला घाट, बक्सर (2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा (3) कौशलेन्द्र कुमार, बाजार समिति, राजा बाजार, जहानाबाद को **सफल** घोषित किया गया था।

पुनः दिनांक 18.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे भाग लिए दो निविदाकार (1) मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज, गोला घाट, बक्सर (2) मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा को सफल किया गया। तकनीकी बीड में सफल

निविदाकार का अनुभव प्रमाण-पत्र सत्यापित होने के उपरांत वित्तीय बीड खोलकर कर अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, आरा के द्वारा भेजा गया है, जो निम्नवत है:-

| क्र0 सं0 | संवेदक का नाम | निविदा की राशि | उद्धृत दर (परिमाण विपत्र के दर से) | उद्धृत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मे0 गंगा इन्टरप्राईजेज, गोला घाट बक्सर। | ₹13,02,01,145/- | 6.00 % अधिक | ₹ 13,80,13,214/- |
| 2 | मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा। | | 2.57 % अधिक | ₹ 13,35,47,314/- |

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि इस कार्य के लिए निविदाकार मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा न्यूनतम सफल निविदाकार है। अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-11482(भ0) दिनांक-19.12.2025 द्वारा दर वार्त्ता हेतु निविदाकार को पत्र दिया गया। अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, पटना के समक्ष दिनांक-23.12.2025 को अपराह्न 04:30 बजे दरवार्त्ता की गयी। दरवार्त्ता के क्रम में न्यूनतम सफल निविदाकार मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा ने अपने पत्रांक-शून्य दिनांक-23.12.2025 द्वारा उद्धृत दर को कम करते हुए परिमाण-विपत्र की दर से 0.18 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹12,99,66,782/- (बारह करोड़ निन्नानवे लाख छियासठ हजार सात सौ बेरासी रूपये) मात्र पर कार्य करने हेतु लिखित सहमति दी गयी।

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा इस निविदा के न्यूनतम सफल निविदाकार "मे0 जय बजरंग कंसट्रक्सन, सिंह कॉलनी, आरा" को दर वार्त्ता के क्रम में परिमाण-विपत्र की दर से 2.57 प्रतिशत अधिक उद्धृत दर को कम करते हुए परिमाण-विपत्र की दर से 0.18 प्रतिशत कम दर पर अर्थात् ₹12,99,66,782/- (बारह करोड़ निन्नानवे लाख छियासठ हजार सात सौ बेरासी रूपये) मात्र पर कार्य आवंटित करने का अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

13 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

आरा जिलान्तर्गत चरपोखरी प्रखंड में प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कार्य के वित्तीय बीड पर दिनांक-26.12.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/-<br>(विकास कुमार पाण्डेय)<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(मनोज कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता (द0)<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त<br>-सह- विशेष सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। | ह0/-<br>(कुमार रवि)<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग,<br>बिहार पटना। |

ज्ञापांक भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्राक्0-01-42/2025 085 पटना/दिनांक 02/01/26

प्रतिलिपिः- आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0 02/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/Block.F.P-3/2026-2